# भुगतान न होने के कारण बंडा नाला सहित रुके शहर के कई विकास कार्य

**कलेक्टर ने जहां के काम को लेकर की परेड उसी में लापरवाही**

**1 अप्रैल से सीएमओ ने नहीं किया किसी का कोई भुगतान**

(आमिर खान)

**नवभारत न्यूज,टीकमगढ।**

**शहर को सुन्दर और अच्छा बनाने के लिए टीकमगढ़ के लोकप्रिय कलेक्टर भले ही जमीन पर उतरकर मेहनत करने में लगे हैं, परन्तु उनके अधिनस्थ उनकी इस मेहनत पर पानी फेरने का कार्य कर रहे हैं। नगर पालिका टीकमगढ़ में बीती 01 अप्रैल से निर्माण कार्यों के बिल भुगतान न होने के कारण अब शहर के सारे निर्माण कार्य ठप्प पड़े हैं। ठेकेदारों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कलेक्टर साहब के करीबी सीएमओ साहब इस ओर ध्यान नहीं दे रहे, जिससे अब शहर के विकास कार्य में विराम लग गया है। बंडा नाले से लेकर अन्य सारे काम ठेकेदारों ने बंद कर रखे हैं। जबकि बीते दिनों सागर संभाग के कमिश्नर ने निर्माण कार्यों को सुचारू जारी रखने के निर्देश भी दिए हैं।**





दरअसल बीते माह नगर पालिका के तत्कालीन अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार ने प्रेस वार्ता कर नगर पालिका के सीएमओ पर 5-5 लाख रुपए के भुगतान मनमाने तरीके से करने के आरोप लगाए। इसी के बाद से ही नगर पालिका में सीएमओ ने दुवारा इस ओर रुचि नहीं ली। फिर क्या था जो बड़े काम नगर पालिका टीकमगढ़ शहर में करा रही है उन ठेकेदारों के भुगतानों को भी रोक कर रखा गया। इसलिए अब नगर में होने वाले सारे विकास कार्य बंद हो गए हैं। ऐसी स्थिति में ठेकेदारों ने कहा है कि हम लोग रोजाना नगर पालिका के चक्कर लगाते हैं, परन्तु सुनने वाला कोई नहीं। सीएमओ साहब चाय पिलाकर बातें करते हैं हां बोल दिया है हो जाएगा, परन्तु भुगतान रुकने से कई ठेकेदार परेशान हैं। बताया गया है कि करोड़ों रुपए के भुगतान न होने से अब शहर का विकास रुक सा गया है। इन दिनों सीएमओ ओमपाल भदौरिया स्वच्छता पर जोर देने में लगे हैं, जबकि शहर में निर्माणाधीन काम बंद पड़े हुए हैं।

## इन कामों के रुके पड़े हैं भुगतान

नवभारत ने तमाम ठेकेदारों से दूरभाष पर चर्चा कर जब यह पूंछा कि आप निर्माण कार्यों को क्यों नहीं कर रहे, तो उनका कहना था कि कई काम पहले कर चुके हैं, जिनके भुगतान अब तक नहीं हुए। कर्जा लेकर कब तक काम चलाएंगे हमारे भी बच्चे और परिवार हैं। आप सीएमओ को बोलो कि वह भुगतान करें हम कार्य प्रारंभ कर देंगे। जानकारी के अनुसार मां रहकोला कंपनी द्वारा महेन्द्र कूप पर काम किया गया, जिसका लगभग 11 लाख 50 हजार रुपए का भुगतान आज तक अटका है। इसके साथ ड्रीम हाउस फर्म ने ईदगाह की सीसी सड़क बनाई, जिसका भुगतान लटका दिया गया। यह तो छोटे-छोटे कार्य हैं। इसके साथ ही जय गोविन्दा कंपनी के भी चार कामों के कुल 20 लाख रुपए के भुगतानों को सीएमओ ने रोक रखा है, जिस कारण नगर पालिका के विकास कार्यों पर विराम लग गया है। यह वही कंपनियां है जो अन्य कार्य भी लिए हैं।

## अमृत 2 .0 योजना से हुए कार्य का 30 लाख रोका

नगर पालिका द्वारा महेन्द्र सागर तालाब में कराए गए अमृत योजना 2 .0 से पार्क निर्माण कार्य का भी लगभग डिवाईन कंपनी का 30 लाख रुपए अटका दिया गया है। इसको लेकर कंपनी के ठेकेदार परेशान हैं। कई बार उन्होंने इसके लिए अधिकारियों से मुलाकात की, परन्तु भुगतान करने में अधिकारी आनाकानी करने में लगे हैं। इसके साथ ही इनके एक और अन्य कार्य का भी 6 लाख रुपए रोककर रखा गया है। अब ऐसे में कैसे नगर पालिका विकास कार्यों को पूर्ण करा पाएगी।

## शिकायतें करने को मजबूर है ठेकेदार

नगर पालिका द्वारा की जा रही लापरवाही के कारण अब एक ठेकेदार भुगतान न होने के कारण शिकायत करने को मजबूर हैं। अंबेडकर मार्ग पर डामरीकरण सड़क निर्माण कराने वाली कंपनी के ठेकेदार श्री कटारे अब शिकायतें करने को मजबूर हैं। उन्होंने बताया कि नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उनका 30 लाख रुपए का भुगतान रोका है। सबकुछ फाइनल होने के बाद भी पैमेंट नहीं हो रहा। मैं बहुत परेशान हूं। नगर पालिका को मेरा भुगतान करना चाहिए।

## भुगतान के कारण रुक गया बंडा नाले का निर्माण

यहां आपको यह और बता दें कि जिस अंबेडकर नाले को लेकर खूब चर्चाएं हुई और तारीफों के पुल बांधे गए अब उस बंडा नाला निर्माण करने वाली फर्म का भी तकरीबन 28 लाख रुपए का बिल रोककर रखा गया है। इसमें क्या परेशानी है इसकी जानकारी नगर पालिका के अधिकारी ही बता पाएंगे। यह वही बंडा नाला है जिसको लेकर टीकमगढ़ के कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने बार-बार यहां की परेड की और इसे जल्द बनवाकर जनता के सुपुर्द करने का वादा किया है। परन्तु नगर पालिका की लापरवाही के चलते इस नाले निर्माण के कार्य में भुगतान वाधा बन रहा है। हाल में यहां किसी भी तरह का कोई कार्य नहीं किया जा रहा है।



देखिए मैं तो यही कहूंगा कि जिस नगर पालिका में पूरे 26 पार्षद अभी जिंदा है वहां प्रशासक किसी डिप्टी कलेक्टर को बैठा देना नियम विरुद्ध है, यह तो सीधे प्रजातंत्र की हत्या करने जैसा है। अब आप खुद देखिए जब जनता से चुना हुआ जनप्रतिनिधि इस संस्था को चलाता है तो कितने अच्छे काम होते हैं और यही व्यवस्था नौकरशाह देखेंगे तो निश्चित ही निर्माण कार्य रुक जाएंगे, वही यहां देखने को मिल रहा है।।

**यादवेन्द्र सिंह बुन्देला**
**विधायक, टीकमगढ़**



आपने बहुत महत्वपूर्ण विषय से अवगत कराया है। मैं सोमवार को इस विषय पर अधिकारियों से चर्चा कर सारे निर्माण कार्यों को शुरू कराने का प्रयास करूंगा। भुगतान के कारण निर्माण कार्य नहीं रोके जा सकते हैं। बाकी पुराने समय में कांग्रेसी अध्यक्ष के कारण यह सब हुआ था।

**अभिषेक खरे, रानू**
**नेता प्रतिपक्ष, नपा.**



नगर पालिका स्वतंत्र निकाय है, परन्तु वह उस हिसाब से संचालित नहीं हो पा रही है। जिले के वरिष्ठ अधिकारी अपने हाथों में उसकी कमान लेकर बैठे हैं। जिले के मुखिया एवं नपा के अधिकारी सिर्फ फोटो खिंचवाने में सबसे आगे हैं, परन्तु नगर विकास से कोई लेना-देना नहीं। जब निकाय स्वतंत्र काम करेगी, तभी नगर का विकास होगा

**अनीस खान, पार्षद,**
**कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष**



देखिए अध्यक्ष बदलने के बाद डिप्टी कलेक्टर को यह चार्ज मिला है। इसलिए थोड़ी रुकावट आई है। इतना ही नहीं हाल में ओटीपी का ईशू भी आ रहा है, जिससे भुगतान नहीं हो पा रहे हैं। मेरे होते हुए किसी के भुगतान नहीं रुकेंगे। सोमवार से संभवतः सारे भुगतान होना प्रारंभ होंगे। निर्माण कार्य भी सुचारू रूप से जारी रहेंगे।

**ओमपाल भदौरिया**
**सीएमओ, नगर पालिका**

# मौसम ने अचानक बदला अपना मिजाज

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।**

**शनिवार सुबह मौसम साफ रहा, लेकिन तेज धूप के साथ हल्की हवाएं भी चलीं। शुक्रवार को दिनभर तेज धूप निकली रही, जिसके कारण अधिकतम तापमान 40 डिग्री से बढ़कर 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, रात का तापमान भी 24 डिग्री से बढ़कर 26 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया।**

भू अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार को अधिकतम तापमान 42.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री था। गुरुवार को आंधी, तूफान, बारिश और ओलावृष्टि के कारण अधिकतम तापमान घटकर 40 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री पर आ गया था।शुक्रवार को अधिकतम तापमान में 1 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि रात के तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई।मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार दोपहर बाद एक बार फिर मौसम में बदलाव के संकेत हैं। इस दौरान बूंदाबांदी की संभावना भी जताई गई है। आज अधिकतम तापमान 39 से 40 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 से 25 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल

**नवभारत न्यूज, मोहनगढ़।**

**मोहनगढ़ थाना क्षेत्र में शनिवार को एक सड़क हादसे में बाइक सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा बनगाएँ से दरगाएँ कला रोड पर हुआ, जहां तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी।**

घायलों में एक युवक, एक बुजुर्ग, एक महिला और एक बच्चा शामिल हैं। टक्कर के बाद ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया, जबकि चालक मौके से भाग निकला।घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही मोहनगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है।घायल कनई केवट ने बताया कि वह अपने पिता खुमान, पत्नी सावित्री और बच्ची के साथ ससुराल से अपने गांव दरगाएँ कला लौट रहे थे। इसी दौरान ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही से बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में कनई के हाथ में फ्रैक्चर हो गया, उसकी बेटी के पैर में फ्रैक्चर आया है और पिता को भी चोटें लगी हैं। पुलिस के अनुसार, टक्कर मारने वाला ट्रैक्टर कंचनपुरा मोहनगढ़ का बताया जा रहा है, जिसमें पत्थर



भरे थे। मोहनगढ़ थाना प्रभारी अंकित दुबे ने बताया कि ट्रैक्टर जब्त कर लिया गया है और फरार चालक की तलाश की जा रही है। मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। मोहनगढ़ थाना क्षेत्र में शनिवार को एक सड़क हादसे में बाइक सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा बनगाएँ से दरगाएँ कला रोड पर हुआ, जहां तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी।

# श्रमिकों का पंजीयन अनिवार्य

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**जिले में ऐसे संस्थानों जहां श्रमिकों की संख्या 20 या उससे अधिक है को ईपीएफओ में पंजीकृत होना अनिवार्य है।**

साथ ही ईपीएफ ओ में पंजीकृत संस्थानों को श्रम सेवा पोर्टल पर पंजीकृत होना भी आवश्यक है। पंजीयन की सुविधा उक्त श्रम पोर्टल पर जी2जी लॉन इन के माध्यम से निःशुल्क आवेदक संस्थानों को उपलब्ध कराई गई है। ऐसे संस्थानों जहां श्रमिकों की संख्या 20 या उससे अधिक है को ईपीएफओ में पंजीकृत होना अनिवार्य है।

# ठेकेदार आशीष को मिला प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व

**नवभारत न्यूज, पलेरा।**

**सिविल कांट्रेक्टर्स एसोसिएशन की प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन भोपाल में किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से ठेकेदार आशीष खरया को कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया।**

बैठक में ठेकेदारों द्वारा लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, एम पी आर आर डी ए के अंतर्गत आने वाली समस्याओं पर विस्तृत रूप से विचार विमर्श किया गया। मुख्य रूप से बढ़ती हुई महंगाई के कारण आने वाली समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। गौरतलब हैं कि आशीष खरया मूल रूप से जिला अंतर्गत पलेरा के मूल निवासी हैं। उनकी नियुक्ति पर पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष गोविंद सिंह गौर, नगर पंचायत अध्यक्ष पलेरा गायत्री विनोद वर्मा, संजय मोर, वी के जैन,पार्षद मानसिंह राय,जयराम रजक, कमलेश अहिरवार, अशोक सेन,अजय पाठक, रम्मू ददरया, सुनील गुप्ता, रविकांत बरसैंया,डॉ सुशील कंथारिया, राकेश गुप्ता,डॉ उमेश , रमन खरया, प्रदीप गुप्ता , सहित विभिन्न स्वजन द्वारा बधाई दी गयी ।सिविल कांट्रेक्टर्स एसोसिएशन की प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन भोपाल में



किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से ठेकेदार आशीष खरया को कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर आशीष खरया को क्षेत्र सहित जिले के लोगों ने बधाई प्रेषित की है।

# कुर्राई की बावड़ी में चला सफाई अभियान

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां द्वारा ग्राम कुराई मे नवांकुर संस्था शाहपुर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम कुराई की बावड़ी की साफ सफाई की। सर्व प्रथम जल संरक्षण हेतु चंदेल कालीन बाबरी की सफाई करने के लिए बैठक आयोजित की गई, जिसमें मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड समन्वय राजकुमार जैन ने बैठक ली।**

इस दौरान ग्रामवासी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष सचिव, नवांकुर संस्था दिगौडा के कार्यक्रम समन्वय उमेश दीक्षित, समिति के अध्यक्ष जगह सिंह घोष ने सभी ने स्वच्छता बनाए रखें और सफ ाई का कार्य किया गया ।जल गंगा संवैधान लोगों में संदेश दिया कि स्वच्छता ही हमारी सेवा है। जल का संरक्षण करने का संकल्प दिलवाया।

# मंगलदीप प्रज्जवलन का महिलाओं को मिला सौभाग्य

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**108 विराग सागर जी महामुनिराज के 64 वें अवतरण दिवस के अवसर पर श्री आदिनाथ धाम, नदींश्वर कालोनी में मुनि श्री विकौशल सागर जी मुनिराज के सानिध्य में हो रहे 2 दिवसीय कार्यक्रम में प्रथम दिवस का कार्यक्रम अत्यन्त भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रात: 6.30 बजे से भगवान का अभिषेक एवं मुनि श्री के मुखाविन्द से शांतिधारा सम्पन्न हुई तदुपरान्त पाठशाला की दीदीयों के द्वारा भक्ति नृत्य के रूप में मंगलाचरण सम्पन्न किया गया। चित्र अनावरण उपस्थित विदृत वर्ग एवं आदिनाथ धाम समिति के सदस्यों द्वारा किया गया। मंगल दीप प्रज्जवलन का सौभाग्य उपस्थित विभिन्न महिला मंडल की महिलाओं को प्राप्त हुआ।**

इन सभी कार्यों के सम्पन्न होने



पर भगवान की पूजन के उपरान्त परमपूज्य गणाचार्य श्री 108 विराग सागर जी महामुनिराज की संगीतमय पूजन की गई जिसमें विभिन्न महिला मंडलों के द्वारा सजाकर लाए गए अष्ट अलग-25 समूहों के द्वारा समर्पित किये गए। इनमें पाठशाला के बच्चों में उपस्थिति श्रेष्ठी वर्ग का, विधानकताओं पाठशाला की दीदीओ तथा 4 अलग-अलग महिला मंडलों के समूह को जल, चंदन आदि 8 द्रव्यों में से एक-एक द्रव्य का सजा हुआ थाल संगीतमय पूजन में समर्पित करने का सोभाग्य मिला। पूजन के अंत में एक साथ जयमाला पूर्वक सभी ने पूणोघ समर्पित किया इसके साथ ही भक्तामर विधान का भी आयोजन किया गया तथा मुनि श्री के मंगल प्रवचनों का भीनाभ उपस्थित लोगों ने लिया। मुनि श्री ने विराग सागर जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मात्र 16 वर्ष की आयु में क्षुल्लक दीक्षा ग्रहण कर ली तथा साधना एवं अध्ययन में संलग्न रहे आचार्य श्री का जन्म 2 मई 1963 को मध्य प्रदेश के दमोह जिले के पथरिया नामक ग्राम में हुआ।

# शिक्षक के सेवानिवृत्त होने पर कार्यक्रम आयोजित

**खरगापुर के चौबारा में पदस्थ शिक्षक हुए सेवानिवृत्त**

**विदाई समारोह में कार्यकाल की हुई तारीफ**

**नवभारत न्यूज,खरगापुर।**

**खरगापुर स्थित शासकीय माध्यमिक शाला चौबारा में सहायक शिक्षक छिदामी लाल राजपूत के सेवाकाल पूर्ण होने एवं सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं भावनात्मक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य, विद्यालय परिवार, शिक्षकगण, कर्मचारी एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का वातावरण भावुक होने के साथ-साथ सम्मान और गर्व से भरा रहा।**

समारोह की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं स्वागत भाषण के साथ





हुई, जिसके बाद वक्ताओं ने राजपूत के दीर्घ शैक्षणिक जीवन, उनके समर्पण और अनुशासन की सराहना की। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि श्री छिदामी लाल राजपूत न केवल एक शिक्षक, बल्कि एक आदर्श मार्गदर्शक और समाज के सच्चे प्रेरणास्रोत रहे हैं। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि राजपूत हमेशा समय के पाबंद, ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ एवं अनुशासनप्रिय रहे। उन्होंने अपने पूरे सेवाकाल में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अथक प्रयास किए और शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान दिया। उनकी शिक्षण शैली, व्यवहार कुशलता और विद्यार्थियों के प्रति स्नेहभाव ने उन्हें सभी के बीच विशेष पहचान दिलाई। शिक्षकों ने यह भी बताया कि श्री राजपूत का जीवन संघर्षों से भरा रहा, लेकिन उन्होंने हर कठिन परिस्थिति का सामना धैर्य, मेहनत और सकारात्मक सोच के साथ किया। उनका सरल, सहज एवं मिलनसार स्वभाव हमेशा सहकर्मियों और विद्यार्थियों को प्रेरित करता रहा। उन्होंने शिक्षा को केवल नौकरी नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम माना और अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ किया।इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं सहकर्मियों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए भावुक क्षणों को व्यक्त किया। कई विद्यार्थियों ने कहा कि श्री राजपूत जैसे शिक्षक जीवन में एक बार ही मिलते हैं, जिनकी सीख और मार्गदर्शन जीवनभर साथ रहता है। कायक्रम के अंत में विद्यालय परिवार द्वारा छिदामी लाल राजपूत का शॉल-श्रीफल, पुष्पमाला एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। सभी ने खड़े होकर तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका अभिनंदन किया और उनके उज्ज्वल, स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कामना की।

**कार्यक्रम** — **कार्यक्रम में कल्याणक पूजन एवं अनेक आयोजन संपन्न**

# पंचकल्याणक महोत्सव के अंतिम दिन दिखा आस्था का वातावरण

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।**

**नगर में आयोजित भव्य श्री पंचकल्याणक महोत्सव के अंतिम दिन मोक्ष कल्याणक दिवस अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और आस्था के वातावरण में मनाया गया। पूरे परिसर में धर्ममय वातावरण छाया रहा, श्रद्धालु भक्ति में लीन दिखाई दिए।**

धर्म प्रभावना समिति के अध्यक्ष नरेंद्र जनता ने बताया कि प्रात: भगवान का अभिषेक निर्माण कल्याणक पूजन शांति हवन देव स्थापना एवं 8 बजे आरंभ हुआ गजरथ महोत्सव इस दिन का मुख्य आकर्षण रहा। सुसज्जित हाथियों द्वारा भगवान के रथ की दिव्य परिक्रमा श्रीजी कॉलोनी के चारों तरफ से 7 परिक्रमा लगाई गई रथयात्रा के दर्शन हेतु हजारों की संख्या में माताएँ, बहनें और धर्मप्रेमी बंधु उपस्थित रहे। जय जिनेंद्र के उद्घोष



से वातावरण बार-बार गुंजायमान होता रहा और पूरे आयोजन में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

मोक्ष कल्याणक की पावन क्रिया अत्यंत भाव-विभोर वातावरण में सम्पन्न हुई, जिसने श्रद्धालुओं को अद्भुत आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। इस गजरथ यात्रा में सबसे म्यूजिकल ग्रुप, अहिंसा दिव्या घोष ग्रुप, एवं प्रमुख पात्र जैसे भगवान के माता-पिता, सोधर्म इंद्र ,कुबेर इंद्र, महायज्ञनायक, यज्ञनायक, ईशान इंद्र ,सनत कुमार इंद्र, महेंद्र, भरत चक्रवर्ती, बाहुबली राजा सोम, राजा श्रेयांश, उपेंद्र, ब्रह्मोत्तर इंद्र, ब्रह्म इंद्र ,महामंडलेश्वर, मंडलेश्वर, मुकुटबद्ध राजा, आदि सभी हाथी एवं रथ पर सवार थे पर, उदयपुर राजस्थान बैंड ,एवं अनेक महिला रेजीमेंट अपनी अपनी विशेष वेशभूषा और विशेष परिधान में भगवान के मंगल गीत गा रही थी अनेक मंदिर कमेंटियों के पदाधिकारी ,वीर व्यायाम शाला, मुनि सेवा संघ, पारस नाथ भक्ति समिति ,अतिशय क्षेत्र पपौरा जी कमेटी ,सिद्ध क्षेत्र आहार जी कमेटी, बंधा जी नवागढ़ मंदिर कमेटी, वानपुर जी मंदिर कमेटी ,अनेक पंडित और विद्वान एवं महावीर बाल संस्कार, धर्म प्रभावना समिति ममौछु मंडल ज्ञान मंदिर, नंदीश्वर कॉलोनी, जैन अगम पाठशालाओं के बच्चे, जैन मिलन की पदाधिकारी, ऋषभ कला मंडल, सूयसागर विद्यालय, तरुण क्रांति मंच ,नवयुवक सेवा मंडल ,साधु सेवा समिति ,जैन महिला परिषद ,सोशल ग्रुप, विमर्श जागृति मंच, महावीर मैत्री ग्रुप ,अनेकांत महिला मंडल ,वीर बहू मंडल ,साधु सेवा औषधि समिति ,चंद्रप्रभु महिला मंडल, रॉयल ग्रुप ,सुधा सागर समिति ,एवं स्थानीय अतिथि सम्मिलित रहे।

## आत्मकल्याण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा

धर्मसभा को संबोधित करते हुए पूज्य महाराज श्री ने कहा कि मानव जीवन अत्यंत दुर्लभ है, इसलिए इसे व्यर्थ न गंवाते हुए सभी जीवों के प्रति मैत्री, करुणा और सद्भाव का भाव रखना चाहिए। उन्होंने उन्होंने कहा कि पंचकल्याणक से पॉजिटिव एनर्जी आती है जो आपसे प्रेम और भाईचारा बढ़ती हुई हमें मोक्ष मार्ग का रास्ता बताती है और उन्होंने कहा कि जो पात्र सुख का अनुभव कर रहे हैं अगर वास्तव में उस पद पर पहुंच सुख प्राप्त करेंगे राग-द्वेष का त्याग कर आत्मकल्याण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

# संस्थानों का होगा पोर्टल पर पंजीयन

**नवभारत न्यूज,टीकमगढ़।**

**श्रम विभाग मध्यप्रदेश शासन राज्य के श्रमिकों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कल्याण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से श्रम विभाग मध्यप्रदेश द्वारा श्रम सेवा पोर्टल के माध्यम से पंजीकृत कारखानों, दुकानों एवं अन्य वाणिज्यिक संस्थानों हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण पहलें की गई है।**

इसीक्रम में विभाग द्वारा लागू किया गया है। यह एक स्व-मूल्यांकन आधारित, निष्पक्ष एवं स्वचालित प्रणाली है, जिसके माध्यम से संस्थानों द्वारा प्रदान की गई जानकारी के आधार पर उनके श्रम कानूनों के अनुपालन स्तर का मूल्यांकन कर उन्हें स्टार रेटिंग प्रदान की जाती है। माध्यम से श्रम कानूनों के प्रभावी पालन को प्रोत्साहन मिल रहा है तथा अनुपालन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी एवं सरल बनाया गया है।

# लापरवाह बाबू को दिखाया बाहर का रास्ता



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।**

**कलेक्टर ने जतारा तहसील में पदस्थ एक बाबू को नौकरी से निकाल दिया है। शनिवार को जारी इस आदेश के बाद से प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है।**

जतारा तहसील वर्तमान में लिधौरा में पदस्थ के सेक्शन राइटर बृजेंद्र कुमार अरजरिया का एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट हुआ था। इस वीडियो में वह किसानों से खुलेआम रिश्वत लेते हुए दिखाई दे रहे थे। कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए बाबू को सेवा से बर्खास्त करने का आदेश दिया है। जिले में इन दिनों किसानों की समस्याओं को सुलझाने के लिए रिकॉर्ड सुधार का खास अभियान चलाया जा रहा है। अब तक करीब 600 से ज्यादा मामलों का निपटारा किया जा चुका है। आरोप है कि जिन किसानों के रिकॉर्ड सुधारे गए थे, उनकी नकल देने के बदले में बाबू बृजेंद्र कुमार पैसों की मांग कर रहे थे। जांच में दोषी पाए जाने के बाद कलेक्टर के आदेश में साफ कहा गया कि शासकीय काम के बदले घूस लेना नियमों का उल्लंघन है।

इसी आधार पर उन्हें पद से हटा दिया गया है। कलेक्टर की इस सख्त कार्रवाई ने साफ संदेश दिया है कि भ्रष्टाचार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कलेक्टर ने जतारा तहसील में पदस्थ एक बाबू को नौकरी से निकाल दिया है। शनिवार को जारी इस आदेश के बाद से प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है।